भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1885

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

पुराने एनएच-17 पर दो लेन के पुल का निर्माण

1885. श्री एम. के. राघवन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत केरल के कोझीकोड जिले में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-17 पर मौजूदा फेरोके ओल्ड ब्रिज के समानांतर दो लेन के पुल और इसके पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना के संबंध में सरकार का जिन विभिन्न गतिविधियों पर ज़ोर है, उनके समापन की समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार ने उक्त परियोजना के लिए अपेक्षित प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकार की तरफ से हो रहे किसी विलंब पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सरकार ने केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) की सेतु बंधन योजना के अंतर्गत कोझिकोड जिले में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर मौजूदा फेरोके ओल्ड ब्रिज के समानांतर दो लेन के पुल के निर्माण के काम को मंजूरी दे दी है। इसके पश्चात, केरल सरकार ने 55.00 करोड़ रुपये की राशि के लिए दिनांक 12.06.2024 को प्रशासनिक मंजूरी जारी की है।

फेरोके की ओर संपर्क सड़कों के निर्माण के लिए रेलवे के स्वामित्व वाली भूमि की अनुपलब्धता के कारण परियोजना के कार्यान्वयन में देरी हुई। केरल राज्य सरकार ने रेलवे के साथ भूमि अधिग्रहण का मामला उठाया है।

*****